
# Sitting Arrangement

## PART→2


(1). चार व्यक्ति A, B, C और D कैरम खेल रहे हैं। A, C के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। D, B के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। कौन-सा कथन A की सही स्थिति को दर्शाता है?

⇒ B के सामने





(2). दीपक, गुरकिरण, शाहिद और विक्रांत नामक चार व्यक्ति एक वर्गाकार मेज के चारों ओर इसके केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। वे इस तरह से बैठे हैं कि प्रत्येक व्यक्ति मेज की प्रत्येक भुजा के मध्य में बैठा है। विक्रांत, दीपक के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। शाहिद, विक्रांत के सामने बैठा है। गुरकिरण के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

⇒ विक्रांत





(3). V, W, X, Y, Z, A, B और C एक वर्गाकार मेज के चारों ओर मेज के केन्द्र की ओर मुख करके बैठे थे। इनमें से कुछ कोनों पर बैठे थे, और कुछ भुजाओं के ठीक मध्य में बैठे थे। C, W के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा था। B, Z के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा था। A, X और C के ठीक बगल में बैठा था। Z किसी भी कोने पर नहीं बैठा था और W और Y के ठीक बगल में बैठा था। इनमें से कौन A के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा था?

⇒ V




(4). अकरम, नागेश, गिरीश, विक्रम और सतपाल किसी पंचभुजाकार मेज के पाँच कोनों पर बैठे हैं। सभी मेज के केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। गिरीश, विक्रम के बाएँ तीसरे स्थान पर बैठा है। सतपाल, नागेश के बायीं ओर बगल में बैठा है। अकरम, सतपाल के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। नागेश के दाएँ दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

⇒ अकरम





(5). छः लोग K, L, M, N, O और P किसी षट्कोणीय आकृति वाले मैदान में बैठे हुए हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं की वे समान क्रम में हों। L या M के बगल में K नहीं बैठा हुआ है। M या O के बगल में N नहीं बैठा हुआ है। L, M के बगल में बैठा हुआ है। M और N के बीच में P बैठा हुआ है। घड़ी की दिशा में लोगों के बैठने की स्थिति का सही क्रम क्या है?

⇒ L-M-P-N-K-O




(6). छः दोस्त K, L, M, N, O और P एक षट्भुजाकार मेज पर समान दूरी पर बैठे हैं। K, P के सामने है। O, N के दाँये से दूसरा है। N, K और L के बीच में बैठा है। M, P के ठीक बाँये है। कौन- O के ठीक दाँए बैठा है?

⇒ M




(7). छः व्यक्ति-हेमा, रेखा, जया, सुषमा, निम्मी और बरखा एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। बरखा, जया के बगल में नहीं बैठी है और जया एकदम दाँए सिरे पर बैठी है। निम्मी और बरखा

के बीच में केवल हेमा बैठी है। निम्मी, सुषमा और जया के बगल में नहीं बैठी है। सुषमा और जया के बीच में केवल रेखा बैठी है। बरखा के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा/बैठी है?

⇒ सुषमा

निम्मी हेमा बरखा सुषमा रेखा जया

(8). छः मित्र M, N, O, P, Q और R एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। N के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। O, N के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। M और P, Q के ठीक बगल में इस प्रकार बैठे हैं कि M, O के बाईं ओर चौथे स्थान पर है। R कहाँ बैठा है?

⇒ P के दाईं ओर तीसरे स्थान पर

M Q P N O R

(9). छः व्यक्ति P, Q, R, S, T और U एक दीवार पर उत्तर की ओर मुँह करके बैठे हैं। P, Q के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। R, Q के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। केवल S, R और T के बीच में बैठा है। U, T के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। Q और S के बीच में कौन बैठा है?

P Q R S T U

⇒ R

(10). A, B, C, D, E, F और G एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। G, E के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। G पंक्ति के अंतिम दाएं सिरे पर बैठा है। A, E के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B, A के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। C, B के दाईं ओर बैठा है। D, A के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। पंक्ति के अंतिम बाएं सिरे कौन बैठा है?

⇒ F

F D A B C E G


(11). चार मित्र K, L, M और N एक पंक्ति में बैठे हैं और उनके मुँह दक्षिण दिशा की ओर है। L और M दो अंतिम छोरो पर बैठे है। K, L और N के बीच बैठा है और M के दाएं दूसरा है। K के ठीक बाएं कौन बैठा है?

⇒ N

| Right ↓ Left |

L K N M

(12). पाँच मित्र P, Q, R, S और T दक्षिण दिशा की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हैं। Q, मध्य स्थान पर बैठा है। P पश्चिमी सिरे पर बैठा है। T और R, Q के एक ही ओर बैठे हैं। P और R के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। Q और P के बीच कौन बैठा है?




⇒ S

P S Q R T

(13). P, Q, R, S, T और U, 6 मित्र हैं, वे एक पंक्ति में दक्षिण की ओर मुँह किए हुए बैठे हैं। P, R के ठीक बाँए और S के दाँए दूसरे स्थान पर बैठा है। T, R के ठीक दाँए बैठा है। U, R के बाँए दूसरे स्थान पर बैठा है। Q, S के ठीक बाँए बैठा है। पंक्ति के एकदम दाँए छोर पर कौन बैठा है?

⇒ T

T R P U S Q

(14). पाँच सहेलिया भूमिका, राशि, श्वेता, विभा और अरुणिमा पूर्व दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठी हैं। भूमिका, विभा और श्वेता के बीच में बैठी है। राशि, श्वेता के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। दक्षिण छोर पर कौन-सी लड़की बैठी है?

⇒ विभा

राशि
अरुणिमा
श्वेता
भूमिका
विभा

(15). पाँच व्यक्ति A, B, C, D और E एक पंक्ति में पश्चिम की ओर मुँह करके बैठे हैं। A और B एक साथ बैठे हैं। C दक्षिणी सिरे पर बैठा है और D उत्तरी सिरे पर बैठा है। E, B और C के बीच में बैठा है। दक्षिण से तीसरे स्थान पर कौन- बैठा है?

⇒ B

D
A
B
E
C

(16). P, Q, R, S, T, U और V एक दीवार पर एक पंक्ति में पश्चिम दिशा की ओर मुँह करके बैठे हैं। R, S के ठीक बाईं ओर है। Q दोनो सिरों में से एक पर है और T उसके बगल में है। V, T और U के बीच में बैठा हुआ है। S उत्तरी सिरे से पाँचवे स्थान पर है। इन व्यक्तियों में से कौन पंक्ति के ठीक मध्य में बैठा है?

⇒ U

Q
T
V
U
S
R
P

(17). छः व्यक्ति A, B, C, D, E और F दो पंक्तियों में प्रत्येक पंक्ति में तीन बैठे हैं E किसी भी पंक्ति के अंत में नहीं है।
D, F के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर है।
C, E का पड़ोसी है तथा D से विकर्णतः बैठा है। B, F का पड़ोसी है।
निम्न में से कौन एक दूसरे के विकर्णतः विपरीत बैठा है?

⇒ A तथा F

| | | |
|---|---|---|
| D | B | F |
| A | E | C |

(18). F, G, H, I और J एक पंक्ति में दक्षिण की ओर मुँह करके बैठे हैं तथा R, S, T, U और V एक दूसरी पंक्ति में उत्तर की ओर मुँह करके बैठे हैं जो पहली पंक्ति के समानान्तर है। J, F के दाँए दूसरा है, F, S के सामने है। H और S विकर्णतः एक-दूसरे के सामने हैं और अंतिम छोरों पर है। G, V के सामने है, जो S के ठीक बाँए है। T जो V के बाँए दूसरा है, J के सामने है। R पंक्ति के एक छोर पर है। नि॰लि॰ में से कौन से युग्म एक-दूसरे के सामने हैं?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| H | J | I | G | F |
| R | T | U | V | S |

⇒ HR, IU